उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

सूचना / विज्ञप्ति

उ0प्र0 पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर कुशल खिलाड़ियों की सीधी भर्ती–2022

आवेदन पत्र जमा किये की अन्तिम तिथि में परिर्वतन के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सूचना।

संख्या: पीआरपीबी–एक–कु0खि0(02)/2022 दिनांक: अक्टूबर 31 ,2022

उ0प्र0 पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर कुशल खिलाड़ियों की सीधी भर्ती–2022 के अन्तर्गत समसंख्यक विज्ञप्ति दिनांकित 28.09.2022 के माध्यम से दिनांक 01.10.2022 से 31.10.2022 तक आवेदन पत्र आमंत्रित करते हुये आवेदन पत्र जमा किये जाने की अन्तिम तिथि दिनांक 31.10.2022 निर्धारित की गयी है।

2– अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र जमा किये जाने हेतु अधिक संख्या में उपस्थित होने के दृष्टिगत आवेदन पत्र जमा किये जाने की अन्तिम तिथि को 05 दिवस और बढ़ाते हुए दिनांक 5.11.2022 (सायं–6:00 बजे तक) किये जाने का निर्णय लिया गया है।

3– अतः अभ्यर्थीगण उपरोक्तानुसार **दिनांक 5.11.2022 को सांय: 6:00 बजे** तक उपस्थित होकर आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। आवेदन की अन्तिम तिथि दिनांक 5.11.2022 को सांय 6:00 बजे तक, जो भी अभ्यर्थी पंक्ति में होगें, उनके आवेदन पत्र स्वीकार किये जायेगें।

4– **जनपद–लखनऊ के बोर्ड कार्यालय** के अतिरिक्त **जनपद–गाजियाबाद एवं जनपद–प्रयागराज की रिजर्व पुलिस लाइन्स में भी दिनांक 5.11.2022 को सांय: 6:00 बजे तक आवेदन पत्र स्वीकार किये जायेगें।**

31/10/22

अपर सचिव (भर्ती)
उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।